# दिनांक 30.01.2024 को माननीय अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में आहूत बिहार मानवाधिकार आयोग के बैठक की कार्यवाही :—

उपस्थिति :—

| | | |
|---|---|---|
| (1) | न्यायमूर्ति श्री अनंता मनोहर बदर | — अध्यक्ष |
| (2) | श्री उज्ज्वल कुमार दूबे | — सदस्य |

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाई प्रारंभ की गयी। बैठक में विचारोपरांत निम्नांकित निर्णय लिये गये—

1— रिट याचिका संख्या—17477/2023 (प्रिस कुमार मिश्रा एवं बिहार राज्य एवं अन्य) में संशोधित तथ्य विवरणी अनुमोदित करते हुए आयोग की ओर से प्रतिशपथ दायर करने हेतु सचिव (प्रतिवादी संख्या—6) को प्राधिकृत किया गया। साथ ही पूर्व में महालेखाकार, बिहार को उक्त वाद में पैरवी करने हेतु लिये गये निर्णय के क्रम में उनसे प्राप्त पत्र के आलोक में Sri Amish Kumar, अधिवक्ता को Assistant Counsel के रूप मे नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।

2— निर्णय लिया गया कि आयोग के माननीय अध्यक्ष एवं सदस्यगण के दो मोबाईल का रिचार्ज कार्यालय स्तर से कराया जायेगा।

3— बैठक मे बताया गया कि आयोग के निर्णय के अनुसार निष्पादित Case Records के डिजिटाईजेशन का कार्य प्रगति में है तथा अबतक 29272 Case Records का डिजिटाईजेशन हो चुका है। तथा 19301 PDF तैयार कर लिया गया है। इस संबंध में आयोग द्वारा निर्णय लिया गया कि का डिजिटाईज्ड Case Records का Pdf निम्नानुसार संरक्षित रखा जाये।

i- BHRC Website पर।

ii- NIC द्वारा प्रदत्त BHRC के Complaint Management System में Cloud Space पर।

iii- Hard Disk (2)

iv- Laptop (1)

इस हेतु कार्यालय स्तर से Hard Disk and one Laptop क्रय करने का निर्णय लिया गया।

4— वर्ष 2024 की डायरी एवं कैलेण्डर मुद्रण के संबंध में आयोग द्वारा 345/—रू0 प्रति डायरी की दर से 1000 (एक हजार) डायरी हेतु कुल 3,45,000.00 (तीन लाख पैंतालीस हजार) रूपये एवं 72/—रू0 प्रति कैलेण्डर, की दर से 2000 (दो हजार) कैलेण्डर, कुल— 1,44,000.00 (एक लाख चौवालीस हजार) रूपये व्यय के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

325

5— वर्ष 2022 का वार्षिक प्रतिवेदन मुद्रण के संबंध में आयोग द्वारा प्रति अदद 195 रू0 की दर से 200 (दो सौ) अदद वार्षिक प्रतिवेदन कुल रू0 39,000.00 (उन्चालीस हजार) रूपये व्यय के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गई।

ह0 / —
(उज्ज्वल कुमार दूबे)
**माननीय— सदस्य**

ह0 / —
(अनंता मनोहर बदर)
**मननीय अध्यक्ष**

ज्ञापांक: बी0एच0आर0सी0 / स्था0— 19 / 2022 ....1292....    पटना, दिनांक 1/2/ 2024

प्रतिलिपि : माननीय अध्यक्ष कोषांग / माननीय सदस्यगण कोषांग / सचिव कोषांग / अपर पुलिस महानिदेशक कोषांग / निबंधक कोषांग / संयुक्त सचिव, बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

2. निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी / प्रशाखा पदाधिकारी, लेखा एवं आपूर्ति / स्थापना / परिवाद, बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

01/2/24

संयुक्त सचिव
बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना